## खबर संक्षेप

### कॉलेज में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

**सौंसर।** किसान एवं कृषि विकास परिषद, रेवनाथ चौरे शिक्षण महाविद्यालय रिधोरा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविधालय की संचालन समिति किसान एवं कृषि विकास परिषद रिधोरा सौसर संचालक पूर्व विधायक अजय चौरे,के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र की पूजा कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारभ किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षको का तिलक लगाकर एवं शिफल देकर सम्मान किया गया, आयोजन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री चौरे ने कहा कि गुरु शिष्य परंपरा को निर्वहन करना और गुरु के कर्तव्य का बोध काराया, सभी को अपने-अपने गुरुओ के प्रति सच्ची श्रद्धा रखना चाहिए, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नवीन पराडकर द्वारा गुरु की महिमा को विस्तार से जानकारी दि,आयोजन में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### समस्याओं का समय पर हो निराकरणः मोहोड़

**सौंसर।** शुक्रवार को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने ग्राम पंचायत हिवरा खंडेरायवार पंचायत के आश्रित ग्राम खेडी जसोदी पहुचकर ग्रामीणों से संवाद किया। सांची ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद में संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने की बात कही है।जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहोड द्वारा पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिषन एवं पेंषनधारीयों से भेट की। साथही पंचायत स्तर की योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को दिलाने हेतू सचिव को निर्देषित किया। इस दौरान सचिव तुकाराम बोबडे द्वारा सामुदायिक भवन के निर्माण हेतू पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वीकृत होने की भी जानकारी दी। अवसर पर सरपंच सुवर्णा धुर्वे, परतापुर सरपंच सूर्यभान चिकटे, पूर्व सरपंच अषोक काकडे, मुन्ना काकडे, सुभाष काकडे, अनिल गजभिये सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम सिंगारदीप का मामला, आरोपियों पर मामला दर्ज

# वनरक्षक ने की आदिवासी युवक से मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ›› छिंदवाड़ा

वनविभाग बिछुआ के ग्राम सिंगारदीप में आदिवासी युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। वैसे तो मप्र में आदिवासियों के अत्याचार को लेकर चारों तरफ हाहाकार मचा है। ऐसे में छिंदवाड़ा जिले की इस घटना से एक बार फिर आदिवासियों पर अत्याचार का मामला सामने आया है। यद्यपि पुलिस और वनविभाग दोनों ने ही अपने अपने स्तर पर कार्यवाही की है। परंतु यह सब जांच का विषय है कि कौन सत्य है।



#### अपराध का विवरण

प्रार्थी शिवपाल पिता हरलाल उइके द्वारा रिपोर्ट लेख कराया गया की दिनाकं 07/07/2025 की शाम करीब 06.00 बजे गांव के जंगल से सागौन की लकडी काटकर घर लेकर आ रहा था। जिमीदार भलावी के खेत में बीट नाकेदार संजय नामदेव अपने चौकीदार अनिल उइके और राकेश इनवाती के साथ आए और मुझे दोनों चौकीदार ने पकड लिए नाकेदार संजय नामदेव द्वारा मां बहन की गंदी गंदी गाली दिए तथा जाती गत शब्द बोलकर हाथ मुक्का एवं लाठी से मारपीट किए तथा जान से मारने की धमकी दिए । प्रार्थी की रिपोर्ट पर अप.क्र. 300/25 धारा 296,115 (2), 351(3),3(5) bns 3(1)द,3 (1)ध,3(2) (v-a) sc/st एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है। तथा प्रार्थी का मेडिकल परीक्षण एवं एक्स रे सी.एच.सी बिछुआ से कराया गया।

#### हुई कार्यवाही

वन विभाग के द्वारा शिवपाल पिता हरलाल उइके उम्र 35 साल निवासी ग्राम सिंगारदीप थाना बिछुआ के विरुद्ध दिनांक 07/07/2025 को रतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) क एवं मध्यप्रदेश वन उपज विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5 (1)ग के तहत कर पी.ओ.आर नम्बर 46078/18 सागौन लट्ठा 03 नग 0.234 घन मीटर जप्ती कार्यवाही की गई है तथा दिनाकं 08/07/2025 को शिवपाल पिता हरलाल का मेडिकल परीक्षण कराकर जमानत पर छोडा गया था।

#### आरोपी

1. वन रक्षक संजय नामदेव निवासी वन नाका सिंगारदीप थाना बिछुआ
2. चौकीदार अनिल उइके निवासी ग्राम सिंगारदीप थाना बिछुआ
3. चौकीदार राकेश इनवाती निवासी ग्राम चारगांव थाना बिछुआ

**घटना दिनांकः-**
07/07/2025 के शाम 06.00 बजे

**घटना स्थलः-**
जिमीदार भलावी का खेत ग्राम **सिंगारदीप थाना बिछुआ**

कायमी दिनांक समयः- 10/07/2025 के 19.45 बजे

#### तीन लट्ठे सागौन के साथ किया गिरफ्तार

इस मामले में सिंगारदीप के वनरक्षक संजय नामदेव ने बताया कि सात जुलाई की शाम शिवपाल को सागौन के तीन लट्ठे के साथ उसी के खेत में पकड़ा गया था जबकि उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए थे। इसके बाद शिवपाल को रेंज ऑफिस लाया गया यहां पहले उसका मेडिकल कराया गया और उस पर विभागीय कार्रवाई कर जुर्माना भी किया गया था। जुर्माना के बाद उसे दूसरे दिन आठ जुलाई को छोड़ दिया गया था। इसके साथ किसने मारपीट की, इसकी जानकारी नहीं है। उसके द्वारा पिटाई के लगाए गए आरोप निराधार है।

#### जलाऊ लकड़ी के लिए गया था जंगल

सिंगारदीप निवासी शिवपाल उइके पिता हरलाल उइके ने आरोप लगाते हुए बताया कि सात जुलाई को जलाऊ लकड़ी लेने के लिए वह जंगल गया था। यहां वह शाम को जब वापस लौट रहा था तब वन परिक्षेत्र कुंभपानी के सिंगारदीप बीट में पदस्थ संजय नामदेव ने उसे खेत के पास पकड़ लिया और लकड़ी देखकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### विभिन्न मांगों को लेकर निकालेंगे रैली

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ 13 को सौपेंगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ›› छिंदवाड़ा

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष भाई भरत पटेल के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश के हर जिले में ई अटेन्डेन्स बंद करवाने, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करके पुरानी पेंशन योजना एवं ग्रेच्युटी का लाभ देने, पदोन्नति और लंबित क्रमोन्नति के आदेश शीघ्र जारी जारी एरियर्स राशि का भुगतान करने, जनजाति कार्य विभाग के कार्यरत अध्यापक शिक्षक संवर्ग और स्कूलों को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज करने, अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों को शिथिल कर शत-प्रतिशत दिवंगत अध्यापक शिक्षक संवर्ग के आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने, अध्यापक शिक्षक संवर्ग की रूकी हुई हड़ताल अवधि की वेतन का भुगतान करवाने,गुरूजीओ की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने, अतिथि शिक्षकों के संबंधित जो भी स्थानीय मांगे एवं समस्या एवं अन्य मांगों आदि के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक साथ हर जिले में 13/07/25 को शिक्षक स्वाभिमान रैली निकाल कर, ज्ञापन दिया जाना है।

13 जुलाई रविवार को जिलास्तरीय शिक्षक स्वाभिमान रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम में आप सभी शिक्षक साथी सादर आमंत्रित हैं।। इसी क्रम में 13 जुलाई रविवार को छिन्दवाड़ा जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट में 12 बजे एकत्र होकर ज्ञापन सौंपेगा संघसभी संघ संगठनों से एकता के साथ उपस्तिथ होने का निवेदन किया है संघ ने शिक्षकों के सम्मान में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मैदान में उतरेगा।

## राम मंदिर में पवित्र सावन माह के अवसर पर प्रतिदिन होगा रुद्राभिषेक

**छिंदवाड़ा।** पवित्र सावन माह में जहां पूरे विश्व में महादेव का रुद्राभिषेक किया जाता है, वहीं शहर के हृदय स्थल स्थित श्रीराम मंदिर में भी सामूहिक रूप से प्रतिदिन भोलेनाथ का अभिषेक काशी से वेदाचार्य पंडित नंदकिशोर शास्त्री द्वारा कराया जाता है।सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट के सचिव सतीश दुबे लाला द्वारा बताया गया कि श्रीराम मंदिर से प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी आज से पवित्र सावन माह में प्रातः 06 बजे से नर्मदा नदी के जल से रुद्राभिषेक पूरे सावन माह कराया जाएगा। इसके साथ ही अन्य पवित्र नदियों का जल भी इसमें समाहित होगा। सत्यधर्म के सदस्यों द्वारा इस अभिषेक में सभी धर्मावलंबियों से शामिल होने की अपील की है।

## जैन समाज ने मनाया वीर शासन जयंती महोत्सव

**छिंदवाड़ा।** श्रावण वदि एकम का शुभ दिन सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन ने वर्तमान शासन तीर्थंकर महावीर भगवान के प्रथम धर्म उपदेश का पावन दिवस श्री वीर शासन जयंती महोत्सव के रूप में मनाकर विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। महोत्सव का शुभारंभ प्रातःकाल की मंगल बेला पर अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनबिंब प्रक्षालन से हुआ पश्चात बड़ी संख्या में श्रावक - श्राविकाओं ने श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री वीर शासन जयंती पूजन कर अष्टान्हिका महापर्व पर आठ दिनों से चल रहे श्री नंदीश्वर दीप बावन पूजन विधान की पूर्णता कर महाअर्ध समर्पित कर शांति पाठ के साथ विश्व शांति की मंगल कामना की।

## बसंत मालवीय बने जबलपुर संभाग संरक्षक

**परासिया :-** संत गाडगे बाबा समिति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सेवड़कर संगठन प्रभारी अशोक पत्र एवं मध्य प्रदेश जबलपुर संभाग के संगठन मंत्री सुधाकर नींबुलकर के अनुसार यह कर्म निष्ठावान बसंत कुमार मालवी को संत गाडगे बाबा समिति महासंघ जबलपुर संभाग के संरक्षक पद की नियुक्ति दी गई ।

## सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत स्वच्छ घर अभियान' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ›› छिंदवाड़ा

नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा एवं सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज द्वारा महापौर शविक्रम आहाके जी एवं निगम आयुक्त सी. पी. राय जी के निर्देशन में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत स्वच्छ घर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन नगर पालिका निगम क्षेत्र अंतर्गत किया गया।इस अभियान का उद्देश्य वेक्टर जनित एवं जलजनित बीमारियों से बचाव



हेतु नागरिकों को जागरूक करना एवं स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना रहा।

**अभियान की प्रमुख गतिविधियाँः** आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वच्छता समूहों द्वारा घर-घर संपर्क कर स्वच्छता से जुड़ी जानकारियाँ दी गईं। पानी की टंकियों, कूलरों व गड्ढों में जमा पानी की सफाई हेतु विशेष अभियान चलाया गया। पंपलेट वितरण के माध्यम से डेंगू, मलेरिया व अन्य बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। जनभागीदारी के साथ कॉलोनियों में सफाई अभियान चलाया गया। सोशल मीडिया प्रचार, लोक संवाद, एवं संपर्क माध्यमों से अभियान को व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। शहर अंतर्गत पाए जाने वाले कचरे के ढेरों पर सफाई अभियान चलाकर वहां पौधारोपण भी किया गया, जिससे स्वच्छता के साथ-साथ हरियाली को भी बढ़ावा मिला।इस अभियान से नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है, और रोगों से बचाव हेतु साफ-सुथरे परिवेश को अपनाने की भावना भी विकसित हुई है।

## बैडमिंटन खेल प्रमोटर्स का संघ ने किया सम्मान

### पालकों व खिलाड़ियों से हुआ सीधा संवाद



हरिभूमि न्यूज ›› छिंदवाड़ा

जिला बैडमिंटन संघ द्वारा ओलंपिक स्टेडियम हाल में उत्कृष्ट प्रशिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों से जुड़े हुए जिले के उत्कर्ष कोच व प्रशिक्षकों का जिला बैडमिंटन संघ द्वारा सम्मानित किया गया। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर इस तरह का कार्यक्रम अनोखा रहा जिसकी सभी ने सराहना की। इसमें खिलाड़ियों के साथ - साथ पालकों की उपस्थिति विशेष रूप से रही, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नवागत जिला खेल अधिकारी श्री के. के. चौरसिया का अभिनंदन कर सम्मान किया गय। डी एस ओ श्री चौरसिया ने अपने खेल विभाग से खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधा और योजनाओं के बारे में प्रशिक्षक, खिलाड़ियों, पालकगणो को संबोधित किया ओर कहा कि हम सब मिलकर छिंदवाड़ा जिले में खेल प्रतिभाओं को उभारने का कार्य करेंगे साथ ही राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सर्वश्री परमजीत सिंह बिज, अभिषेक पाटनी, के. के. चौरसिया, टी. आर. यादव, राजेंद्र सिंह ठाकुर, दीपक राज जैन, रिजवान कुरैशी, जावेद खान, अंकुश राजपूत को भी खेलों को प्रमोट करने हेतु शॉल , मोमेंटो एवं मैडल से नवाजा गया, इस भव्य व गरिमामय आयोजन में खेल अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले स्पोर्ट्स ऑफिसर सर्वश्री अजय सिंह ठाकुर, खेल प्रशिक्षक राकेश चौरसिया, ,क्रिकेट कोच शमीम दाद, फुटबॉल कोच मुश्ताक खान, एथलीट और आरचरी कोच सर्वोत्तम ठाकुर, हाकी कोच श्रीमती चंद किरण पाल, कबड्डी कोच प्रीति मार्को, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कु. विनीता नेटी, अम्पायर अशफाक खान, सहायक कोच महिमा यादव सहित बेडमिंटन खेल को प्रमोट करने वाले महानुभावों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन आयोजक जावेद खान ने एवं आभार प्रदर्शन विनय सिंह चंदेल द्वारा किया गया।

## विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ›› परासिया

मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, जन विरोधी सरकार के खिलाफ गुरुवार को प्रधानमंत्री के नाम संयुक्त मोर्चा इंटक, एटक, एच. एम. एस, एवं सीटू श्रम संघ द्वारा एस डी एम परासिया को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से निम्न मांगें रखी गई हैं :श्रम कानूनों में मजदूरों के हितों के खिलाफ किए जा रहे संशोधनों को रद्द किया जाए।किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की कानूनी गारंटी दी जाए।महंगाई, बेरोज़गारी और निजीकरण की नीतियों को रोका जाए।सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री बंद की जाए। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में निवेश बढ़ाया जाए।इस ऐतिहासिक हड़ताल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब और अन्याय, शोषण और उपेक्षा को सहन नहीं करेगी। यह आवाज़ सिर्फ विरोध की नहीं, बल्कि बदलाव की है।

## अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार और बीएमओ को हटाने को लेकर शुरू हुई क्रमिक भूख हड़ताल




हरिभूमि न्यूज ›› परासिया

परासिया सिविल अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार और प्रभारी बी एम को हटाने को लेकर चादामेटा की नगर सेवा समिति ने अस्पताल के सामने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है ।शुक्रवार को हड़ताल के पहले दिन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदीप सोनी , उपाध्यक्ष हरिश्चन्द्र अग्रवाल , हरि तिवारी , सुनील तिवारी , अमरनाथ डेहरिया , उमेश निकोसे , उमाशंकर धीमान और मनीष जैन की उपस्तिथि में रामचरण एवं सुरेश धीमान भूख हड़ताल पर बैठे । नगर सेवा समिति से जुड़े प्रदीप विश्वकर्मा का कहना है , की परासिया में 100 बिस्तरों वाला अस्पताल होना क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात हैं , किन्तु इसके संचालन में व्यापक अनियमिततायें बरती जा रही है । डॉक्टर अपना काम ईमानदारी से नहीं कर रहें हैं । अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर बी एम ओ अंकुश नहीं लगा पा रही हैं । आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण होने के साथ साथ मूल कार्य न कराया जाकर अन्य काम कराये जा रहे हैं । कुछ डॉक्टर और कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने के बावजूद हाजरी लगाई जा रही हैं । इन सब समस्याओं की जांच और उचित कार्यवाही के लिए लगातार सी एच एम ओ और एस डी एम से मिन्नतें की गई , गुहार लगाई गई , लेकिन परिणाम शून्य आने पर मजबूर होकर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा ।

### छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा वर्षो से लंबित सड़कों का हो सकेगा निर्माण कार्य

# 63 करोड़ 92 लाख की लागत से बनेंगी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ›› छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा वर्षों से जरजर पड़ी हुई सड़कों का अब निर्माण हो सकेगा। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से दोनों जिलों में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 63 करोड़ 92 लाख की स्थायी वित्तिय समिति की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। अब जल्द ही दोनों जिलों में वर्षों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की मांग पूरी होकर सड़कों का निर्माण हो सकेगा।

सांसद श्री साहू ने उक्त सड़कों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से लगातार इन सड़कों के निर्माण के लिए



मुलाकात करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सड़को की दयनीय स्थिति का हवाला देते हुए उक्त सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की थी। जिसके तहत लोक निर्माण विभाग ने इन सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी हैं। उल्लेखनीय है कि छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के निरंतर भ्रमण और जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू के समक्ष इन सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए मांग रखी गई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने भी इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को पत्र प्रेषित कर उनसे व्यक्तिगत मुलाकात करते हुए सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए निवेदन किया था। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिलें में सड़कों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिये जाने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों और क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

**दोनों जिलों में इन सड़कों का होगा निर्माण कार्य :** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से दोनों जिलों में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 63 करोड़ 92 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जिसमें इटावा मुत्तौर मार्ग 1.80 किमी के लिए 280.05 लाख, बिछुआ बग्गू पहुंच मार्ग 1 किमी के लिए 202.76 लाख, कोसमी कपरवाडी मार्ग 1 किमी के लिए 100.42 लाख, जाटाछापर रेल्वे स्टेशन पहुँच मार्ग 1 किमी के लिए 128.30 लाख, खैरीतायगांव पहुंच मार्ग 0.72 किमी के लिए 99.72 लाख से बनेगी।

### 19 वाहनों से लिया गया 29600 रूपये का जुर्माना

**छिन्दवाड़ा।** परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज चौरई क्षेत्र (सिवनी रोड) में छोटे-बड़े स्कूल वाहनों को रोककर उनके परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री अनुराग शुक्ला ने बताया कि चौरई क्षेत्र (सिवनी रोड) में सभी छोटे-बड़े स्कूल वाहनों की जांच के दौरान वाहनों में दस्तावेज संबंधी कमियां पाये जाने पर स्कूल वाहन व अन्य 19 वाहनों से 29600 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही स्कूल वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

## कांग्रेस ने मासिक बैठक के बाद यूरिया-खाद की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**उमरेठ / परासिया :-** शुक्रवार 11 जुलाई को ब्लाक कांग्रेस कार्यालय उमरेठ में मासिक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में जिला कांग्रेस द्वारा प्राप्त निर्देशों पर चर्चा की गई ।साथ ही बूथ स्तर पर बैठक लेकर बूथ कमेटी गठित करने कहा गया । इसके बाद ब्लाक कांग्रेस कार्यालय से रैली के रूप में निकलकर कोंग्रेसी बस स्टैंड होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार को क्षेत्र में किसानों को हो रही यूरिया और खाद की समस्या और खाद की कालाबाजारी रोकने निजी खाद बिक्री दुकानों पर अधिक मूल्य पर खाद बेचने एवं क्षेत्र में हो रही विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन पर सौंपा गया । जिसमें सैकड़ों की संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मिलित हुए ।





कंपनियों के दूषित पानी रोकने राष्ट्रपति से लगाई गुहार, सौंपा ज्ञापन

# दूषित पानी, कंपनियों पर कार्यवाही के लिए होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन मुक्ति पार्टी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर महामहिहीन राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार भावना मलगाम को ज्ञापन सोपा गया।ज्ञापन में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चाप्रदेश उपाध्यक्ष विजय घाटोड ने बताया कि नगपलिका वार्ड नं 04 05 में सी,सी रोड का घटिया निर्माण कार्य कर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है। जिसकी अधिकारियों के द्वारा जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए,औधोगिक क्षेत्र बोरगांव एकेवीएन में भी कम्पनियों में अनियमितता के बीच में ठेका कामगारों से कम लिया जा रहा है साथ ही यहां पर बदबू एवं केमिकल युक्त पानी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।एकेवीएन क्षेत्र की 5 कम्पनियों से केमिकल युक्त जहरीला पानी और गंदी बदबू आ रही है केमिकल युक्त पानी नाली के माध्यम से नदियों में छोड़ने के चलते ग्रामीण क्षेत्र के मवेशियों, मछलीया इस पानी को पीकर बीमार हो रहे हैं मर रहे हैं।



## कच्चीढाना कम्पनी प्रबंधन नहीं कर रहा ग्रामीणों का समाधान

ज्ञापन देने आए सीराज शेख, सैफ अली,जी एम ढुफारे ने बताया किकच्चिढाना में कृष्णा पींग माइनिंग कम्पनी जो दमामी गांव विस्थापित कर कम्पनी द्वारा नई बस्ती बसाई गई है, परंतु कंपनी के द्वारा किए गए वादे पूरे नहीं होने के चलते मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को तरसना पड़ रहा है। वादे के अनुसार कंपनी के द्वारा सभी ग्रामीण को पट्टे धार्मिक स्थल के लिए जगह और निर्माण,गांव में आंगनबाड़ी भवन, शुद्ध जल, नाली, आदि की व्यवस्थाएं बना कर देनी थी परंतु सालों का जमाना गुजर जाने के बावजूद भी कंपनी के द्वारा अब तक यहां पर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया है। प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा कृष्णा पींग माइनिंग कम्पनी पर हो कार्यवाही कर विस्थापित ग्रामीणों को न्याय नहीं दिया जाना चाहिए, अभी इसी सिलोरा क्षेत्र में नई बियर फैक्ट्री बनी है। जिसका केमिकल युक्त पानी इस क्षेत्र से बहने वाली जीवन दायिनी कन्हान नदी में छोड़ा जा रहा है।प्रशासन के द्वारा एक माह के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो तो ग्रामीण एवं कर्मचारियों को साथ में लेकर उग्र आंदोलन या फिर आत्मदाह किया जाएगा,इस दौरान अरुण बागड़े, पतिराम,देवीदास परतेती,आलिम शेख, सुरेश आकोटकर, वासुदेव वाडेकर आदि थे।

## 254 बीएलओ का प्रशिक्षण शुरू



पांढुर्ना। स्थानीय जनपद पंचायत भवन में आज से 50-50 के समूह में 254 बीएलओ को मतदाता सूची के सत्यापन एवं प्रामाणिकता के उद्धेश्य से प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विधानसभा 128 के 254 बीएलओ को छह दिनों में राज्यस्तरीय एवं जिलास्तरीयमास्टर ट्रेनर तथा दिल्ली से प्रशिक्षित बीएलओ द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम अलका एक्का ने सभी बीएलओ को सजगता एवं सतर्कता के साथ सूची का अध्ययन करने को कहा है। इस शिविर में प्रोफॉर्मा 6, 7 तथा 8 को भरने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बीएलओ द्वारा मतदाताओं से विनम्र एवं सामंजस्यभरा व्यवहार किए जाने की हिदायत दी गई। शालेय शिक्षकों को अपने मूल कार्यो को प्रभावित किए बिना शाला के समय के पूर्व तथा बाद में बीएलओ कार्य किएज ने के निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए जाने की जानकारी इस प्रशिक्षण शिविर में दी गई। बीएलओ शिविर में नरेंद्र बांबल, संजीव कोल्हे तथा बीएलओ दशरथ पठाडे द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# किसानों को नि:शुल्क कृषि बीज बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

कृषि विभाग एवं कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत अमरवाड़ा द्वारा सिंगोड़ी क्षेत्र के किसानों को नि:शुल्क कृषि बीज वितरण किया गया, कृषि विभाग अमरवाड़ा के सभापति योगेश यादव ने सिंगोड़ी क्षेत्र के आसपास के ग्रामों के कृषकों को सिंगोड़ी में ग्राम पंचायत भवन में किसानों को बीज प्रदान किया, कृषि सभापति योगेश यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार है इसलिए किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित हैं, अन्यथा किसानों की कोई सुध लेने वाला नहीं था, आज पूरे देश में किसानों के उत्थान विकास और कल्याण के लिए सरकार पूरा मन बनाकर कार्य कर रही है,बीज वितरण के कार्यक्रम में कृषि विभाग के सभापति योगेश यादव, सरपंच कपिल ठाकुर, परसादी पटेल, मोहित साहु, पत्रकार योगेश चौरसिया, जाहिद मन्सुरी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार ने धूमधाम से मनाई गुरू पूर्णिमा



पांढुर्ना। कल स्थानीय गायत्री मंदिर में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। यहां सुबह 6 बजे से ही वैदिक मंत्रोच्चारों के साथ विधिवत गुरूपूजन हुआ। इसके उपरांत 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। इस अवसर पर 12 लोगों ने दीक्षा ग्रहण की। इसके सिवाय 1250 भक्तों ने अपने गुरू के नाम गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ आहूति अर्पित की। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में तहसीलदार विक्रम ठाकुर, ट्रस्टी गजानन मस्तकार, शाम बतरा तथस अनिश शाह ने सपत्निक गुरूपूजन किया। पूर्णाहूति के उपरांत गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी जयंत चरडे ने सभी अतिथिगणों को विदा किया।

## एनसीसी कैडेटने की महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई



जुन्नारदेव। छिंदवाड़ा के कमांडिंग आफिसर कर्नल थॉमस ओमेन के निर्देशानुसार और विद्यालय के प्राचार्य सी एस दीक्षित के मार्गदर्शन में श्री नंदलाल सूद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के एनसीसी कैडेटों द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा की साफ सफाई की गई और माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी मौजूद रहे साथ ही टी आई जुन्नारदेव राकेश बघेल जी और आरक्षक दिलीप उपाध्याय की उपस्थिति एवं सहयोग प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सी एस दीक्षित, निखिलेश डेहरिया, धर्मेंद्र मालवी और जितेंद्र सूर्यवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन फर्स्ट ऑफिसर मनोज शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डी एस ओ अनुरोध शर्मा द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि अभी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जन्म जयंती सप्ताह भी चल रहा है। इस उपलक्ष में भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा दिए गए बलिदान को याद किया नगर पालिका अध्यक्ष सालोंड़े ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन चरित्र की विस्तृत जानकारी एनसीसी कैडेट को दी।

## साइकिल पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना निशुल्क साइकिल वितरण के अंतर्गत शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित के मार्गदर्शन में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे द्वारा छात्र-छात्राओं को मध्य प्रदेश शासन द्वारा उनके हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए बताया गया।

मध्य प्रदेश शासन में सरकार द्वारा ऐसे छात्र-छात्राएं जो दूर दराज से विद्यालय आते हैं उनके लिए निशुल्क साइकिल वितरण की योजना चलाई जा रही है वहीं कक्षा 12वीं में मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए स्कूटी वितरण एवं लैपटॉप वितरण की योजनाओ का लाभ भी मध्य प्रदेश के स्कूलों में अध्यनरत बेटे बेटियों को मिल रहा है वही कार्यक्रम में उपस्थित जनपद उपाध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी द्वारा छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में पढ़ लिखकर आगे बढ़ने एवं देश का गौरव बढ़ाने की बात कही गई।

निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे जनपद उपाध्यक्ष शिक्षा समिति के अध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया पार्षद सीमा चौरसिया पार्षद श्रीमती प्रमिला पाल पार्षद अमित यादव प्रमोद बंदेवार राजेंद्र सूर्यवंशी सहित भाजपा मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी भाजपा नेता विजय पाल देवेंद्र टांडेकर राहुल मुंगेर राजेंद्र रजक विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित डीएसओ अनुरोध शर्मा एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर मनोज शर्मा प्रधान पाठक संजीव पांडे सहित शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय एवं शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में 10 हजार पेड़ लगाना हमारा लक्ष्य-विवेक पटेल

# कांग्रेसियों ने दीनदयाल चौक से कॉलेज चौक तक किया वृक्षारोपण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल की उपस्थिति में कांग्रेसियों ने नगर के दीनदयाल चौक से लेकर कॉलेज चौक तक वृक्षारोपण किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने नीम, आम, तिकोमा के लगभग दो सौ से अधिक पौधे लगाए। वृक्षारोपण के दौरान वहॉ से गुजरने वाले राहगीरों ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया।

इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा हैं। जिससे मानव जीवन, जीव, जंतु, पेड़, पौधे पर बुरा असर पड़ रहा हैं। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। शुद्ध वायु व शुद्ध जल आने वाली पीढियों का अधिकार हैं। यह तभी संभव हैं, जब हम पर्यावरण का संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर शहर को हरा भरा कर प्रदूषण को कम करके पर्यावरण को बचाया जा सकता हैं। हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में आगे आना चाहिए, जितने अधिक पेड़ होंगे, पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा। वनों की संख्या लगातार कम हो रही हैं, जिससे धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में हमारे द्वारा लगभग 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया हैं। इस वर्ष हमें गर्मियों में पानी की कमी ने यह बता दिया हैं कि आने वाले समय में हमें पानी की बहुत कमी होगी। जिस तरीके से नदियों की रेत को लूटा जा रहा हैं और नदियों का जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा हैं। रेत पानी को बचाए रखती हैं, हमें पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए नदियों का दोहन नहीं होना चाहिए।

# हुड़की तालाब में अवैध प्लाटिंग से हुआ था जलभराव : इरिगेशन, पीएचई और नगर परिषद की टेक्निकल टीम ने किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कतरकना रोड़ स्थित करीब 400 साल पुराने हुड़की तालाब में अवैध तरीके से प्लाटिंग की वजह से कटंगी नगर के वार्ड क्रमांक 05 की सिंधी कॉलोनी और यहां के कई हिस्सों में जलभराव हुआ था. इस बात की पुष्टि एसडीएम के.सी.ठाकुर ने कर दी है. शुक्रवार को टेक्निकल इंजीनियरों की एक टीम ने प्रभावित वार्ड और हुड़की तालाब का निरीक्षण किया. टीम में इरिगेशन, पीएचई और नगर परिषद के एसडीओ से लेकर इंजीनियर शामिल थे. बता दें कि गत दिवस 03 दिनों की अनवरत बारिश के बीच 08 जुलाई को सिंधी कॉलोनी पूरी तरह से जलमग्न हो गई थी और इस कॉलोनी के आस-पास की बसाहट में भी जलभराव हुआ. कॉलोनी में बने मकानों में 3 से लेकर 4 फीट तक पानी जमा हो गया था और लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए. यह स्थिति बारिश पूर्व नगर परिषद के द्वारा पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं करने के कारण बनी थी. यह इसका पहला पक्ष था जबकि इस स्थिति के निर्मित होने का दूसरा पक्ष हुड़की तालाब में अवैध प्लाटिंग का होना है. एसडीएम के मुताबिक वार्ड क्रमांक 05 में जो स्थिति बनी उसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर को एक प्रस्ताव बनाकर भेजा था. प्रस्ताव के आधार पर टेक्निकल इंजीनियरों की एक टीम गठित की गई. टीम ने अपने निष्कर्ष में पाया कि कतरकना रोड़ स्थित हुड़की तालाब में प्लाटिंग की वजह से वर्षा जल संग्रहित नहीं हो पाया और सिंधी कॉलोनी में जलभराव हुआ।



### यह निकला प्रारंभिक निष्कर्ष

वर्षा काल के दौरान आगामी दिनों में जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए जो निष्कर्ष सामने आया है. उसके मुताबिक हुड़की तालाब में प्लाटिंग के दौरान जो पार काटकर सड़क बनाई और फिर उसे काटा गया है उसे तत्काल बंद किया जाना है. एसडीएम ने टीम की रिपोर्ट के आधार पर सीएमओ को पार बंद करने के लिए मौखिक तौर पर आदेशित कर दिया है. एसडीएम ने मुख्य नाले पर निर्मित मकानों के मालिकों से सहयोग लेकर या फिर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए नाले का निर्माण करने की बात कहीं है. बता दें टेक्निकल टीम ने सबसे पहले सिंधी कालोनी के पास से बहने वाले नाले और इसमें समाहित होने वाली सभी छोटी-बड़ी नालियों की हालातों को देखा और किस तरह से जलनिकासी की समस्या का समाधान किया जा सकता है इस पर आपस में ही रायशुमारी की. टीम ने बायपास में स्थित नाले का भी निरीक्षण किया. टीम ने पाया कि सिंधी कालोनी के पास से जो नाला बहता है वह कुछ निजी भूमि से होकर सिनेमा चौक में आकर मिल रहा है. निजी भूमि पर पक्के और बड़े मकानों के नीचे नाला है. यहां से पानी का उस गति से बहाव नहीं हो पा रहा है जिस गति से होना चाहिए इस कारण भी वार्ड क्रमांक में जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है. टीम ने कुछ सुझाव भी दिए लेकिन इन पर अभी तत्काल कार्य किया जाना संभव नहीं और इसके अधिक बजट भी लगेगा।

पहले सावन सोमवार में कोटेश्वर दरबार पहुंचे मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

# देवो के देव महादेव कोटेश्वरनाथ भगवान का भव्य सजा दरबार

## काशी से पहुंचे ब्राम्हणों द्वारा किया जा रहा महादेव का रूद्राभिषेक



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सूर्य की पहली किरण के साथ ही सनातन संस्कृति और भगवान भोलेनाथ का मनभावन सावन यानि श्रावण मास शुरू हो गया है। देवादिदेव महादेव की विशेष पूजा-अर्चना के इस पवित्र माह के आगमन के पहले ही दिन से सनातनी परिवारों की आध्यात्मिक गतिविधियां तेज हो गईं। घरों एवं शिवालयों की साफ.-सफाई एवं साज-सज्जा के साथ ही अनेक गृहस्थों ने श्रावण मास के पहले दिन की शुरुआत देवादिदेव महादेव भगवान शिव के रुद्राभिषेक से किया। कोटेश्वर मंदिर में श्रद्धालु जलाभिषेक के साथ पूजन अर्चन करते देखे गए। इस बार सावन का महीना 29 दिन का होगा और ये 11 जुलाई से लेकर 9 अगस्त तक रहेगा। तथा सावनमास के दौरान 4 सोमवार पड़ेंगे जिसमें पहला 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई, तीसरा 28 जुलाई और चौथा 4 अगस्त को पड़ेगा। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक, सावन महीने में ही भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। ऐसे में सावन की शुरुआत से ही कोटेश्वर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है, जो पूरे महीने जारी रहने वाली है। वहीं श्रावण मास के लगते ही कोटेश्वर मंदिर के प्रांगण में आज से संगीतमय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। ये खास इसलिए भी है क्योंकि श्रावण मास में हो रहा ये आयोजन लांजी के इतिहास में पहली बार हो रहा है। 30 दिवसीय अखंड रामायण पाठ के लिए विशेष तैयारियां की गई है। यह आयोजन एकल अभियान संच लांजी अंचल बालाघाट महाकौशल मध्यप्रदेश के द्वारा किया जा रहा है।

**सावन के पहले दिन हुए विविध धार्मिक आयोजन:** उल्लेखनीय है की धर्म नगरी लांजी का माहौल श्रावण मास के पावन अवसर भक्ति मय होता है। जहां दुर दराज और पडोंसी राज्यों से भक्त गण कोटेश्वर महादेव के दर्शन के लिये पंहुचते है। इस श्रावण मास पर कोटेश्वर धाम में भक्तों का तांता लगने वाला है, क्योंकि इस बार 30 दिवसीय संगीतमय अखण्ड रामचरित मानस पाठ का आयोजन हो रहा है जहां 30 दिनों तक भक्ति की गंगा बहेगी। वहीं सावनमास के पहले दिन एकल अभियान संच लांजी द्वारा नगर के गायत्री मंदिर से मानस यात्रा निकाली गई जो कार्यक्रम स्थल पहुंची उसके बाद रामचरित मानस पाठ प्रारंभ किया गया। कोटेश्वरी मंदिर के पुजारी उदित गोस्वामी ने जानकारी से अवगत कराते हुए बताया की कार्यक्रम के दौरान पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल का भी आगमन हुआ जिन्होने मंदिर में विधायक राजकुमार कर्राहे के साथ पूजा अर्चना की और मानस पाठ कार्यक्रम स्थल पर अपना संबोधन दिया। मंदिर में प्रतिदिन की तरह भगवान महादेव के पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर बाबा का रूद्राभिषेक किया जा रहा है। इस अवसर पर काशी से पहुंचे ब्राम्हणों का आगमन हुआ है जिनके द्वारा कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन पार्थिक शिवलिंग का निर्माण का रूद्राभिषेक किया जाएगा।

वारी मेन रोड से वारी मंदिर पहुंच मार्ग का मामला, चलना हुआ मुश्किल

# इस मार्ग का अब भगवान ही मालिक, ठेकेदार ने अधूरा छोड़ा सड़क निर्माण



### 1 करोड 80 लाख की लागत से किया जा रहा था निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज लांजी।

ग्राम वारी मेनरोड से वारी मंदिर पहुंच मार्ग की दूरी 2 किमी है। इस 2 किमी कच्ची की सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में बारिश का पानी भरने से ग्रामीणों व स्कूली बच्चों का चलना मुश्किल हो गया है। खासकर पांढरीपाठ दरबार पहुंचने का मुख्य मार्ग होने से यहां श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्राम की प्राथमिक शाला में पढने वाले बच्चों के कपड़े कीचड़ में गिरने से गंदे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया सड़क निर्माण का काम अधूरा छोड़ दिया है। इसके कारण ज्यादा परेशानी हो रही है। मंदिर जाने के लिए कोई दूसरा मार्ग नहीं होने से लोग परेशान हैं। महज दो किमी की कीचड़ भरी सड़क को पार करने में आधे से एक घंटे तक लग रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसके अलावा मंदिर जाने का दूसरा रास्ता नहीं है, इसलिए न चाहते हुए भी लोगों को इसी रास्ते से जाने की है। कीचड़ भरा मार्ग होने की वजह से अधिकांश वाहन रास्ते में फंस रहे है या दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### ओम कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है ठेका

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ग्राम वारी की मेन रोड से मंदिर पहुंच मार्ग के लिये लम्बे समय से पक्की सड़क की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था। वहीं अब इस मार्ग पर सड़क बनाने की स्वीकृति शासन से मिल चुकी थी। इसका ठेका भी जिला मुख्यालय में ओम कंस्ट्रक्शन कंपनी के ठेकेदार रवि ठाकरे को दिया जा चुका है लेकिन ठेकेदार द्वारा आधे किमी पर मुरुम बिछाकर आधे अधूरे ही काम छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया की सावन मास के प्रारंभ होते ही त्यौहारो की शुरूआत हो जाती है ऐसे में मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन होता है परंतु यहां आने वाले लोगों की बाइक व चौपहिया वाहन कीचड़ भरी सड़क में फंस जाती है। इसकी वजह से लोगों परेशानी उठानी पड़ती है।

दूसरी तरफ ग्राम वारी के कुछ फुटकर व्यापारी जो मंदिर के सामने अपनी छोटी-छोटी दुकान लगाकर अपनी आजीविका चला रहे है। मंदिर में त्यौहार के समय भी लोगों के कम संख्या में पहुंचने के कारण परेशान है। दुकानदारों ने बताया की ठेकेदार द्वारा ठेका तो करोड़ो में ले लिया गया है परंतु काम कौड़ी भर का भी नहीं किया गया। लोगों के नहीं आने से व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है कई दिनों तक तो बोहनी भी नहीं होने से मन व्याकुल हो जाता है। परंतु माता के दरबार पहुंच मार्ग में भी रोड ठेकेदार द्वारा कार्य बंद कर दिया गया है जो चिंतनीय है वहीं रोड निर्माण में भी शुरूआती दौर में जो कार्य किया गया है वह भी पूर्ण स्तरहीन और घटिया क्वालिटी का है इससे भविष्य में बनने वाली रोड का निर्माण किस स्तर का होगा कहना मुश्किल है।

## खबर संक्षेप

### खेत के गहरे गड्ढे में गिरा 5 साल का मासूम, मौत

**सिवनी।** बरघाट से लगभग 2 किलोमीटर दूर मानेगांव कला में गुरुवार की शाम खेत के एक गहरे कुआंनुमा गड्ढा में मासूम बालक के गिर जाने से मौत हो गई। बालक की मौत की खबर से परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है, वही गांव में शोक की लहर फैल गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर 2 बजे 5 वर्षीय बालक निहाल ठाकुर पिता ज्वाला सिंह ठाकुर खेलने गया था। खेत के टाके में खेलते खेलते गिर गया, बारिश के चलते खेत के टांका में लबालब पानी भरा हुआ था। परिजनों को जब बालक शाम 4.30 बजे तक कहीं नजर नहीं आया तो वह चिंतित हो उठे और बालक की तलाश में जुड़ गए, वही खेत के पास पानी से भरे गहरे गड्ढे के समीप मासूम बालक की चप्पल उन्हें नजर आई और बालक कहीं भी नहीं दिखा। उक्त घटना की जानकारी उन्होंने गांव वालों को दी। गड्ढे में जब कुछ लोग बालक की तलाशी में नीचे उतरे और उन्हें वहां पानी में दबे बालक का शव मिला।

# सावन के पहले दिन से ही शिवालयों में लगा भक्तों का तांता

**महादेव के भक्तों को श्रावण मास यानी सावन का बेसब्री से इंतजार रहता है। शुक्रवार को सावन माह की शुरूवात में जिले के सभी शिव मंदिर में शिव की पूजा शिव अभिषेक करने बड़ी संख्या में शिव भक्त पहुंचे।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।





इसके साथ ही सावन मास में रामचरित्र मानस पाठ की भी शुरुआत लोगों ने की जो अनेक मंदिरों में निरंतर सावन मास तक चलती है। शुक्रवार को सुबह नगर के मठ मंदिर में शिव की पूजा श्रद्धालुजनों ने की। वहीं मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुजनों ने अखंड राम चरित्र मानस पाठ का वचन भी शुरू किया।

शास्त्रों के अनुसार, सावन का महीना भगवान शिव को सबसे ज्यादा प्रिय है। सावन के महीने का हर दिन, विशेष रूप से सावन के सभी सोमवार और 16 सोमवार के खास दिन भगवान शिव की पूजा-उपासना करने से जीवन की हर समस्या का निवारण मिलता है। आज से सावन का पवित्र महीना - शुरू हो रहा है, जो 09 अगस्त तक चलेगा। सावन का महीना भगवान शिव का सबसे प्रिय महीना होता है। पूरे सावन माह में शिवजी की आराधना होती है। भगवान विष्णु के चार माह के लिए योग निद्रा में जाने से सृष्टि का संचालन सावन के एक महीने में महादेव करते हैं। हिंदू धर्म में सावन के महीने को बहुत ही शुभऔर पवित्र माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं और हर तरह की मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। सावन के महीन में शिवलिंग पर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करते हैं और कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। आइए जानते हैं सावन माह कैसे करें भोलेनाथ को प्रसन्न, संपूर्ण पूजा विधि और धार्मिक मान्यताएं। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष श्रावण माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है और पूर्णिमा तिथि को खत्म हो जाता है। इस वर्ष सावन माह 11 जुलाई से शुरू होकर 09 अगस्त 2025 तक रहेगा। पूरे 30 दिनों का सावन माह इस बार होगा। पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 11 जुलाई को सुबह 2 बजकर 6 मिनट तक रहेगी, फिर इसके बाद शिवजी का सबसे प्रिय महीना श्रावण शुरू हो जाएगा। इस वर्ष सावन माह में चार सावन सोमवार व्रत रखे जाएंगे। श्रावण माह का पहला सोमवार व्रत 14 जुलाई को, दूसरा सावन सोमवार 21 जुलाई को, तीसरा सावन सोमवार 28 जुलाई को और चौथा सावन सोमवार 04 अगस्त को रहेगा।

# सोनू पाराशर का संदिग्ध हालात में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।



शहर के बारापत्थर क्षेत्र के निवासी और राजनीतिक परिवार से जुड़े पवन उर्फ सोनू पाराशर का शव मानेगांव के समीप एक गड्ढे में संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ। दो दिन से लापता चल रहे सोनू का शव शुक्रवार दोपहर मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। डूंडासिवनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस मामले की जानकारी मिलते ही डूंडासिवनी थाना प्रभारी सतीश तिवारी और कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर दोनों थानों की पुलिस टीम पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शास्त्री वार्ड निवासी सोनू पाराशर (उम्र लगभग 45 वर्ष) को आखिरी बार मंगलवार रात मानेगांव क्षेत्र में कुछ लोगों के साथ स्कूटी पर देखा गया था। इसके बाद से वह लापता हो गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उनकी खोजबीन शुरू की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली गुरुवार को उनकी एक्टिवा स्कूटी मानेगांव की झाडियों के पास खड़ी मिली, जिससे आशंका और गहराने लगी। इसके बाद शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे पास के एक गड्ढे में भारी बारिश का पानी भरा होने के चलते तलाशी अभियान चलाया गया। जब गड्ढे से पानी बाहर निकाला गया, तब उसमें सोनू पाराशर का शव दिखाई दिया। शव की स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि सोनू की हत्या कर शव को गड्ढे में छिपाया गया। सूत्रों की मानें तो शरीर में पत्थर बांधकर उसे डुबोया गया था, ताकि शव बाहर न आ सके। पुलिस ने इस घटना को प्रथम दृष्टया हत्या मानते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

सोनू पाराशर का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर स्तब्ध हैं और जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल्स, और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर सुराग तलाशने में जुटी हुई है।

# जनसंख्या विस्फोटक जन सांख्यिकीय अंशतुलन को लेकर राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट संगठन ने प्रधानमंत्री के नाम से एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ लखनादौन।

ज्ञापन मै सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शामिल हो कर जिसमें राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष गिरिराज सिंह ठाकुर संयोजक ममता सहगल सुदामा गुप्ता एडवोकेट बंटी वर्मा एडवोकेट कन्हैया यादव मनीष केसरवानी सुदर्शन सुनील केसरवानी और अन्य कार्य करता भी शामिल हुए।

जनसंख्या विस्फोटक जनसांख्यिकीय अंशतुलन के कारण भारत राष्ट्र के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के समाधान के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अभिलंब लागू करने के संबंध में सरकार द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 भारत करने तथा 22 अप्रैल को कश्मीर पहलगाम में पाकिस्तान समर्पित आतंकवादी द्वारा भारत के निर्दोष नगरों को धर्म पूछ कर हत्या के बाद ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को नष्ट करने की चुनौती खुली छूट देने के सैनिक निर्णय की राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट सराहना करता है राष्टीय हिन्दू फ्रंट संगठन ने देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री से अपील की है एवं व्यक्तियों द्वारा एक से अधिक पत्नियां रख कर दो से ज्यादा बच्चे पैदा न करने की अपील की है और और दो से ज्यादा जो बच्चा पैदा करता है उनका शासन के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ से वंचित किया जाए अन्य कार्य करता भी शामिल हुए।

शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई मतगणना

# भाजपा की श्रीमती निधि दुबे 527 मतों से विजय हुई



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गुरूवार 10 जुलाई को सिवनी नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पद निर्वाचन की मतगणना जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्निक कॉलेज में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। ईव्हीएम के माध्यम से हुई मतगणना में अभ्यर्थी श्रीमती निधि दुबे 527 मतों से विजय घोषित हुईं। श्रीमती निधि दुबे को 817 मत तथा अभ्यर्थी श्रीमती आरती शाह को 290 मत प्राप्त हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने विजय अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर प्रेक्षक श्री पी के वर्मा, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# सड़कों पर आवारा घूम रहे गोवंश को सुरक्षा प्रदान करने हिंदू सेवा परिषद ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।



सडकों और आवारा घूमते गौ वंश को सुरक्षित स्थान प्रदान नगर पालिका परिषद अंतर्गत आने वाले सभी मार्गों में जिस तरीके से गांव वंश आवारा तरीके से घूम रहा है एवं दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है ऐसी स्थिति में हिंदू सेवा परिषद इस ज्ञापन के माध्यम से नगर पालिका से यह निवेदन करता है कि वह शहर की सडकों पर आवारा घूम रही सभी गौ वंश को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का कष्ट करें एवं सुरक्षा प्रदान करें साथ ही गांव वंश के इलाज हेतु वेटरनरी डॉक्टर की भी व्यवस्था करें। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों में बहुत सी गौ वंश गाडिय़ों के एक्सीडेंट से हताहत हुई हैं जिनकी सुरक्षा करना नगर पालिका परिषद की नैतिक जवाब देही है। इस ज्ञापन के माध्यम से हिंदू सेवा परिषद जिला सिवनी आपसे अनुरोध करता है कि कृपया गोवंश पलक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और जुर्माना भी किया जाए जिससे गऊ पालक अपने-अपने गोवंश को बंद कर रखें नगर पालिका परिषद कड़ा कदम उठाकर गौ वंश को प्रदान करें अन्यथा हिंदू सेवा परिषद 3 दिन बाद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उपस्थित रहे प्रदेश सहसचिन धनराज मानाठाकुर,, पिंकेश विश्वकर्मा जिला महासचिव,, गुरु श्रीवास जिला गौ रक्षा प्रमुख,,प्रीत हिंदू,, जतिन, मांस यादव,,दीपू सनोडिया,, जय रजक,,दीपू ,, श्रीवास्तव,,अज्जू बेजुबानशी ,,कुशाल सनोडिया,, राज ,,दादू,धीरज उइके और अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

# सेंट आर- सेटी सिवनी में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।

गुरूवार 10 जुलाई 2025 को विधिक न्यायालय द्वारा सेंट आर-सेटी सिवनी में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रवि कुमार नायक एवं विधिक सहायक अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला उपस्थित हुए। इनके द्वारा कानूनी व्यवस्थाएं एवं अन्य कानूनी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में आर सेटी निदेशक एवं समस्त स्टॉफ तथा प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# जिले में 524.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 10 जुलाई 25 तक 524.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 10 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 473.4 मि.मी, कुरई में 262.0 मि.मी., बरघाट में 312.7 मि.मी., केवलारी में 634.6 मि.मी., छपारा 601.2 मि.मी, लखनादौन में 500.8 मिमी, धनौरा में 564.4 मिमी एवं घंसौर में 845.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 4194.1 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 10 जुलाई 2024 तक कुल 2665.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

## पैसों की कमी की वजह से रुकी बस्ती में रहने वाली अंजलि की पढ़ाई संस्था दानपात्र ने स्कूल में एडमिशन करवा दिए अंजलि के सपनों को पंख

# पहले दुर्गा फिर अंजलि और न जाने ऐसे कितने ही शिक्षा से वंचित गरीब बच्चों की संस्था दानपात्र बदल रहा जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी।



जहां आजकल शिक्षा पाना काफी आसान है, समाज के कुछ तबके के लोगों के लिए यह आज भी एक चुनौती है। ऐसे में संस्था दानपात्र फाउंडेशन ने वंचित बच्चों को शिक्षा दिलाने का जिम्मा उठाया है जो कि एक सराहनीय पहल है।

दानपात्र फाउंडेशन गरीबों की भोजन , इलाज व अन्य मदद के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना अहम योगदान दे रहा है। समाज के पिछड़े और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए संस्था दानपात्र का शिक्षा सबके लिए नाम का यह अभियान रोशनी की किरण बनकर सामने आया हैं।

संस्था दानपात्र ने हाल ही में एक झुग्गी में रहने वाली लडक़ी अंजलि की मदद कर मानवता की मिसाल कायम की है अंजलि जो आगे पढऩा लिखना चाहती थी पर पैसों की कमी की वजह से उसकी पढ़ाई रोक दी गई और अपनी मां की तरह उसे भी लोगों के घरों में बर्तन मांझने जाना पड़ा जब यह बात संस्था दानपात्र को पता चली तो उन्होंने तुरंत बच्ची के माता पिता से संपर्क कर उनसे बात की और बच्ची के स्कूल जाकर फीस भरकर उसका एडमिशन करवा दिया जिससे एक मासूम बच्ची का भविष्य खराब होने से बच गया ये बच्ची झुग्गी बस्ती में रहती है पिता बीमारी की वजह से काम नही कर पाते और मां लोगों के घरों में बर्तन मांझकर जैसे तैसे घर का गुजारा करती है बच्ची आगे पढऩा चाहती है अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती है जिससे आगे चलकर अपने मां बाप का सहारा बन सके संस्था ने न सिर्फ बच्ची का एडमिशन स्कूल में करवाया बल्कि आर्थिक रूप से बच्ची के परिवार की मदद भी की जिससे वह निश्चिंत होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सके और अपने सपनों को पूरा कर सकें । दानपात्र की इस कोशिश की हर जगह सराहना हो रही है दानपात्र संस्थान और संस्थापकों का मानना है कि देश का असली विकास तभी होगा जब हर बच्चा शिक्षित होगा। मजबूत आर्थिक स्थिति वाले बच्चों के लिए शिक्षा की राह आसान है लेकिन वंचित वर्ग के बच्चों को ज्ञान प्राप्त करने के लिए काफी परेशानियों से जूझना पड़ता है। ऐसे में दानपात्र का शिक्षा सबके लिए अभियान , शिक्षा से वंचित बच्चों को उम्मीद दिलाती हैं कि वो भी दूसरे बच्चों की तरह अच्छी से अच्छी शिक्षा पाने के हकदार हैं।

दानपात्र क्या है कैसे हुई इसकी शुरुआत ?

दानपात्र फाउंडेशन पिछले 7 वर्षों से गरीब , बेघर , बेसहारा लोगों की मदद करती आई है और आज भी संस्था का यह कार्य निरंतर जारी है संस्था द्वारा अब तक लगभग 35 लाख से ज्यादा जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाई जा चुकी है देश भर में कार्य कर रही संस्था गरीब बच्चों की शिक्षा से लेकर , बीमार लोगों के इलाज तक हर तरह से गरीबों की सेवा में सहयोग करती आई है संस्था दानपात्र का नाम वल्र्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड , 2 बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के साथ साथ कई रिकॉड्र्स में दर्ज किया जा चुका है संस्था के संस्थापक यश गुप्ता द्वारा एक 7 साल के छोटे से बच्चे की मदद करने के उद्देश्य से इस संस्था की शुरुआत की गई थी जिसका आज देशभर में नाम है और अब यह लाखों गरीबों का मसीहा बन चुकी है इनके द्वारा आए दिन बड़े पैमाने पर अलग अलग जगहों , गांवों में अभियान चलाकर गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है जिससे आर्थिक परिस्थितियों , मुश्किल हालातों से गुजर रहे लोगों को जीने की नई आस मिल रही है

### आप भी दानपात्र के इस मिशन से जुड़ सकते है

कोई भी वॉलंटियर के रूप में जुडक़र या किसी जरूरतमंद की जानकारी संस्था तक पहुंचाकर इस पहल का हिस्सा बन सकते है आप इनसे जुडऩे के लिए दानपात्र के हेल्पलाइन नंबर 6263362660 पर संपर्क कर सकते हैं या सोशल मीडिया पर दानपात्र को फॉलो करके जुड़ सकते है।

# हरियाली की ओर एक सार्थक कदम: आरसीएम परिवार ने उगली में किया सामूहिक पौधारोपण

**उगली।** सिवनी जिले के उगली क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित आरसीएम परिवार द्वारा एक प्रेरणादायी पहल की गई। हर घर हर द्वार हरियाली अपार के उद्देश्य को लेकर उगली थाना परिसर, उगली मोक्षधाम और उप-तहसील कार्यालय में सामूहिक रूप से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रशासन, पुलिस विभाग, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारीगण, वरिष्ठ नागरिक और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों को समर्थन देने का आह्वान किया।

आरसीएम प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक एक-एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य तैयार किया जा सकता है। आज जिस तेजी से वनों की कटाई हो रही है, उसके विरुद्ध यह छोटा-सा कदम बड़े परिवर्तन की शुरुआत बन सकता है।पेड़ लगाएं, पेड़ बचाएं को केवल नारा न बनाएं, बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं---------

पौधारोपण कार्यक्रम में उगली थाना प्रभारी सहित क्षेत्रीय नागरिक गणों की उपस्थिति रही। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि पेड़ लगाएं, पेड़ बचाएं को केवल नारा न बनाएं, बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

**नाम सुधार सूचना**

मै विदेश कुमार विश्वकर्मा पिता श्री घनश्याम प्रसाद विश्वकर्मा उम्र लगभग 37 वर्ष जाति बढ़ई निवासी विवेकानंद वार्ड, कटंगी नाका सिवनी तह व जिला सिवनी म.प्र. का शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ । मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेज जैसे आधारकार्ड, परिचय पत्र. परिवार समग्र आई.डी. इत्यादि में मेरा नाम विदेश कुमार विश्वकर्मा पिता श्री घनश्याम प्रसाद विश्वकर्मा अंकित/दर्ज है मेरे पासपोर्ट नं. M5261012 में मेरा नाम विदेश कुमार पिता घनश्याम प्रसाद दर्ज है। विदेश कुमार पिता घनश्याम प्रसाद एवं समस्त दस्तावेजों में दर्ज नाम विदेश कुमार विश्वकर्मा पिता श्री घनश्याम प्रसाद विश्वकर्मा दोनो नाम मेरे ही है अर्थात दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है । अत: मुझे विदेश कुमार विश्वकर्मा पिता श्री घनश्याम प्रसाद विश्वकर्मा के नाम से जाना, पढा लिखा एवं समझा जाये।

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-D इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जाँच सुविधा

जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एस.एस.(गणित, भौतिक,रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

### पुलिस ने 15 पंचों को थाने में 4 घंटे बैठाया

# यह लोकतंत्र है या जंगल राजः अनुभा मुंजारे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट के भरवेली में मंत्री प्रहलाद पटेल के कार्यक्रम से पहले 15 पंचों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें चार घंटे तक थाने में ही बिठाए रखा। जानकारी मिलने पर कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे समर्थकों के साथ थाने पहुंच गई और धरने पर बैठ गई। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र है या जंगल राज।





कांग्रेस विधायक ने पुलिस से पूछा कि इन्हें क्यों गिरफ्तार किया गया। हम लॉ एंड ऑर्डर बिगाड़ना नहीं चाहते। आप लोग खुद इसे बिगाड़ रहे हो। बता दें कि मंत्री पटेल 64 लाख रुपए की लागत से बने नए पंचायत भवन के लोकार्पण के लिए पहुंचे थे।

### कलेक्टर से की पुलिसवालों की शिकायत

कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे बोलीं- नौकरीशाह लोग हावी हो रहे हैं लोकशाही पर। यह क्या चल रहा है। आप लोग मुझे गिरफ्तार करो। ये तानाशाही है। आप लोग वर्दी का रौब दिखाते हो। बुलाओ तुम्हारे एसपी, कलेक्टर को बुलाओ सब को बुलाओ। विधायक ने पुलिस की इस कार्रवाई को गलत बताया। उन्होंने इस मामले में कलेक्टर मृणाल मीणा से फोन पर बात की। विधायक ने पुलिस पर वर्दी का रौब दिखाने का आरोप लगाया।

### किसी को गिरफ्तार नहीं किया-टीआई

भरवेली थाना प्रभारी संजय ऋषिश्वर ने बताया कि मंत्री के कार्यक्रम में शांति भंग होने और व्यवधान होने के कारण, पंचों को केवल थाने में बैठाया गया था। उनकी कोई गिरफ्तारी नहीं की गई थी। मंत्री के कार्यक्रम के बाद सभी पंचों को छोड़ दिया गया।

## संरक्षित वन्य प्राणी पैंगोलिन का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**



वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अनुसूची-1 में शामिल दुर्लभ और विलुप्तप्राय स्तनधारी जीव पैंगोलिन का वन विभाग की टीम ने सफल रेस्क्यू किया है. वन्य प्राणी पैंगोलिन को पेंच से सटे वातानुकुलित जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया है. शुक्रवार की शाम वन विभाग ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार की रात्रि साढ़े 09 बजे तिरोड़ी तहसील के ग्राम बोथवा में मंदिर के पास वन्य प्राणी को देखा गया. सरपंच ने वन विकास निगम परिक्षेत्र सहायक दिनेश डोंगरे और सीतापठोर उपवन क्षेत्रपाल वाय.के. गेड़ाम को सूचना दी. सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे. जिन्होंने पैंगोलिन का सुरक्षित रेस्क्यू किया और वन्य प्राणी को पूरी रात विश्राम गृह में निगरानी करते हुए सुरक्षित रखा गया. शुक्रवार को पेंच से सटे आवास अनुकुल देवरी बीट के कक्ष क्रमांक 766 में उपवन क्षेत्रपाल ओ.पी.जगने, वाय.के. गेड़ाम, परिक्षेत्र सहायक वन विकास निगम दिनेश डोंगरे की मौजूदगी में पैंगोलिन को छोड़ा गया है. गौरतलब हो कि बोथवा में पैंगोलिन के मिलने से वन विभाग भी अचरज में है. दरअसल, पैंगोलिन के प्राकृतिक आवास के लिहाज से बोथवा का जंगल उत्तम नहीं माना जाता इसलिए वन विभाग ने इसे पेंच से सटे जंगल में सुरक्षित छोड़ा है. बता दें कि भारत में संकटग्रस्त श्रेणी में शामिल होने की वजह से पैंगोलिन को सर्वोच्च कानूनी संरक्षण प्राप्त है और इसके तस्करी और शिकार करने पर कड़ी कार्रवाई होती है।

### मध्यप्रदेश वन विभाग में मचाहड़कंप

## हाईकोर्ट के आदेश पर CCF और DFO कार्यालय सील

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**




बीस साल पुराने एक मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद आज बालाघाट जिला मुख्यालय स्थित दक्षिण उत्पादन वनमंडल और मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) कार्यालय को सील कर दिया गया। 11 जुलाई की सुबह जब कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचे, तो कार्यालय के बाहर नोटिस चस्पा और ताले लटके देखकर सकते में आ गए। कार्यवाही से पूरे वन विभाग में हड़कंप मच गया और कार्यालय परिसर में दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा।

### क्या है पूरा मामला?

वर्ष 2005 में बालाघाट में पश्चिम उत्पादन वनमंडल नामक कार्यालय सक्रिय था, जो वर्ष 2013 में बंद कर दक्षिण उत्पादन में विलय कर दिया गया। इस दौरान कल्पतरू एग्रो फार्म, कोलकाता नामक फर्म ने विभाग से बड़ी मात्रा में बांस की खरीदारी की थी। फर्म ने बकायदा भुगतान भी किया, लेकिन कार्यालय के बंद हो जाने के बाद वह बांस उठाव नहीं कर सका। समस्या तब खड़ी हुई जब फर्म द्वारा भुगतान की गई राशि विभाग ने वापस नहीं की। इस पर कल्पतरू एग्रो फार्म के संचालक ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने 20 जून 2025 को आदेश दिया कि वन विभाग फर्म को ₹1.20 करोड़ की राशि लौटाए।

न्यायालय के आदेश के बावजूद जब विभाग ने कोई भुगतान नहीं किया, तो अदालत ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कार्यालय को सील करने का आदेश दिया। इस आदेश के तहत आज विभागीय अधिकारियों ने दक्षिण उत्पादन एवं सीसीएफ कार्यालय पर ताले लगा दिए और नोटिस चस्पा कर दिया गया।

### विभागीय छवि पर सवाल

सीलिंग की खबर फैलते ही वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कई कर्मचारी कार्यालय के बाहर एकत्र होकर स्थिति को लेकर चर्चा करते नजर आए। बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई से विभाग की प्रशासनिक छवि पर सवाल खड़े हो रहे हैं और न्यायिक आदेशों की अनदेखी को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका पर भी उंगलियां उठ रही हैं।

## 27% आरक्षण लागू करने की मांग के लिए दिया ज्ञापन, सीएम हाउस घेराव की दी चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



मध्य प्रदेश में ओबीसी महासभा ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बालाघाट में महासभा ने 13 प्रतिशत पदों पर लगाए गए होल्ड का विरोध किया।

उनकी मांग है कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कार्यकाल में पारित 27 प्रतिशत आरक्षण को लागू किया जाए।

गुरुवार को महासभा ने प्रेस वार्ता की। इसके बाद रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष मनीष राहंगडाले ने कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पास होने के बावजूद सरकार ने 13 प्रतिशत पदों की नियुक्ति रोक रखी है।

इससे हजारों आवेदक परेशान हैं। कई आवेदक ओवरएज हो रहे हैं। अब वे नौकरी के लिए पात्र नहीं रहेंगे।

ओबीसी छात्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि सरकार ओबीसी वर्ग के साथ खिलवाड़ कर रही है। महासभा की राष्ट्रीय कोर कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ ज्ञापन सौंपे गए।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार जल्द ही होल्ड नहीं हटाती है तो भोपाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।

### 31 जुलाई तक फसलों का बीमा करा सकते हैं किसान

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के लिए सभी कृषक संबंधित पटवारी हल्के में अधिसूचित फसलों के लिए बीमा करवा सकते हैं। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है, वे उस बैंक में अपना बीमा करवा सकते हैं। वहीं अऋणी कृषक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंकों, सहकारी समितियों, किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र (सीएससी) तथा ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने दिव्यांग जनों को वितरित किए ट्राई साइकिल एवं सहायक उपकरण

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 11 जुलाई को सांदीपनी विद्यालय बालाघाट के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में 240 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया।

मंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांगजनों को एक सम्मानजनक नाम दिया है। दिव्यांगजनों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और उन्हें कहीं पर भी आवेदन करने की आवश्यकता नहीं पड़ना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने दिव्यांग जनों की पहचान कर उनके पंजीयन और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने में अच्छा कार्य करने के लिए बालाघाट जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस शिविर में दिव्यांग जनों को प्रदाय किए गए उपकरण एवं सामग्री उनके जीवन के कष्टों को कम करने का माध्यम मात्र है। यह उपकरण और सामग्री दिव्यांग जनों को स्वावलंबी बनाने में मदद करेगी।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जब वे सांसद थे तो उनके प्रयासों से 80 प्रतिशत दिव्यांगता वाले दिव्यांग जनों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना में विवाह की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ईश्वर यदि किसी व्यक्ति को देने में कुछ कमी कर देता है तो उसे किसी अन्य क्षेत्र में ज्यादा दे देता। दिव्यांग जनों के साथ भी ऐसा ही है, ईश्वर ने उन्हें आत्मविश्वास दिया है।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने इस अवसर पर बताया कि बालाघाट जिले में दिव्यांग जनों का सर्वे कर उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है। अब तक 6615 दिव्यांग जनों को शासकीय योजनाओं से जोड़ा गया है। दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण एवं सामग्री प्रदान करने के लिए यह 10 वां शिविर लगाया गया है। असंगठित क्षेत्र के लोगों को अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ने का काम किया जा रहा है।

### एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किरनापुर का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** 10 जुलाई 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किरनापुर का औचक निरीक्षण माननीय कार्तीकेय जयसवाल अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व अधिकारी), किरनापुर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे ओपीडी, लेबर रूम, स्टोर, दवा वितरण कक्ष, वार्ड आदि का बारीकी से अवलोकन किया।निरीक्षण के समय अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं अभिलेख संधारण की स्थिति की समीक्षा की गई। एसडीएम द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखें, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें एवं आमजन को समर्पित भाव से समय पर सेवाएं प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ मरीजों से भी संवाद कर उनकी संतुष्टि की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के अंत में उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किरनापुर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आवश्यक सुधारात्मक पहल हेतु निर्देश दिए।



## खैरलांजी शासकीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिती की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।**



मुख्यालय के शासकीय अस्पताल में विगत दिवस रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया ।इस दौरान बैठक में वारासिवनी खैररलांजी विधायक विवेक पटेल एंव कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी की प्रमुख उपस्थिती में बैठक सम्पन्न हुई । इस दौरान बैठक में रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत संचालित होने वाली गतिविधीयो पर चर्चा की गई। तथा अस्पताल में साफ-सफाई पर रखने पर विशेष ध्यान के लिए कहा गया। एंव मरीजो को पर्याप्त रूप से उचित उपचार प्रदान करने की बात कही गई साथ ही हर संभव उपचार व सुविधा उपलब्ध कराने की बात पर जोर दिया गया। तथा वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल ने अस्पताल पहुंचकर मरीजो से मुलाकात की और उनके स्वस्थ का हालचाल जाना। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को बारिश के मौसम में अस्पताल के वार्डो एंव परीसर में साफ-सफाई रखने के लिए कहा गया तथा जनता की सेवा के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान की बात कही ।इस दौरान वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल ,कटंगी खैरलाजी विधायक गौरव सिंह पारधी,बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल, नयाब तहसीलदार डी.एल परते,.बीपीएम कोमल नागपुरे ,ज्ञानेश राहंगडाले, अजाब सिंह कृपगऐ, ज्ञानीराम लिल्हारे, विक्की लिल्हारे , संजय दमाहे ,मुकेश दमाहे सहित अन्य स्वास्थ विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रेनों के 6 फेरों की बढ़ोतरी, जिलेवासियों को मिलेगी बड़ी सुविधा

## खुशखबरी! 15 जुलाई से गोंदिया- कटंगी और तुमसर से बालाघाट ट्रेन फिर से शुरूः मोनिल जैन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर सलाहकार मोनिल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि, बालाघाट से गोंदिया के परिचालन में आ रही कठिनाइयों से जोन रेल सलाहकार समिति की गत दिनों बैठक में महाप्रबंधक को अवगत कराया था। जिसमें गोंदिया में बन रहे निर्माणाधीन रेल ओवर रेल ब्रिज का सीआरएस जल्द कराने। बालाघाट से विगत समय से बंद पड़ी मेमो ट्रेनों का परिचालन पुनः शीघ्र किया जाए, जिस पर महाप्रबंधक ने कहा 4-5 जून तक सीआरएस कर लिया गया है। जिससे बालाघाट से गोंदिया ट्रेनों के परिचालन सुलभ हो जाएगा, साथ ही प्रतापबाग से गुदमा कार्ड बायपास लाइन का भी काम शुरू कर दिया गया है। इसी कड़ी में रेल्वे की एक नोटिफिकेशन जारी कर बालाघाट से प्रातः चलने वाली और गोंदिया से देर रात वाली ट्रेन पुनः चालू करने आदेशित किया। साथ ही तुमसर से बालाघाट भी चालू कर दिया गया है।



### सुझाव पर अमल

बालाघाट- तुमसर ट्रेन को पुनः चालू कर दिया जा रहा है, जिसे आगामी समय में इतवारी तक टाइम टेबल में संशोधन कर बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। मोनिल जैन ने आगे बताया कि, मेरे और रेलवे जोन सलाहकार समिति सदस्यों के सुझाव पर महाप्रबंधक ने अमल करते हुए बालाघाट से इतवारी का भी टाइम टेबल में सुधार करने रेल बोर्ड को भेजा था। जिसका परिणाम ट्रेन प्रारंभ हो गई है। रेलवे जोन सलाहकार समिति सदस्य मोनिल जैन ने अपने सुझाव, बालाघाट जिले की समस्या पर सहानुभूति विचार करने के लिए रेलवे के उच्च अधिकारियों का आभार जताया है।

### अन्य ट्रेनों की मिलेगी कनेक्टिविटी

उल्लेखनीय रहे, मोनिल जैन ने की मांग बालाघाट से गोंदिया चलने वाली नियमित मेमू ट्रेन क्रमांक 78809/ 78810/ 78805/ 78806) 78813/ 78814 बालाघाट तुमसर जो कोरोना काल से बंद है, जो कि बालाघाट से प्रातः निकलती है और रात्रि में वापस होती है। इस ट्रेन को पुनः प्रारंभ किया जाए। इन ट्रेनों से यात्रियों को महाराष्ट्र, वंदेभारत, गीतांजलि एवं भगत की कोठी जैसी अन्य ट्रेनों की कनेक्टिविटी मिलेगी।

### उपयोगी साबित

तुमसर रोड से बालाघाट डेमू ट्रेन फिर से शुरू होगी। 15 महीने बाद मिली बड़ी खुशखबरी से 15 जुलाई 2025 से यह ट्रेन सेवा बहाल होगी। यह ट्रेन तुमसर रोड होते हुए गोबरवाही, तिरोड़ी, कटंगी और वारासिवनी से बालाघाट तक जाएगी। वापसी में यह ट्रेन बालाघाट से होकर तिरोड़ी, गोबरवाही होते हुए तुमसर रोड आएगी। यात्रियों की सुविधा के अनुसार ट्रेन सुबह 10 बजे तुमसर रोड से रवाना होकर दोपहर 1 बजे बालाघाट पहुंचेगी। वहीं वापसी की 78814 नंबर की डेमू ट्रेन दोपहर 3 बजे बालाघाट से चलकर शाम 5:30 बजे तुमसर रोड पहुंचेगी। यह सुविधा आमजन मानस के लिए उपयोगी साबित होगी। जिसको लेकर गणमान्य जनों ने रेलवे सलाहकार समिति सदस्य मोनिल जैन के उल्लेखनीय कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### घटना ग्राम कौलीवाड़ा की - 2 मजदूरों को भेजा गया बालाघाट चिकित्सालय

## स्वागत द्वार की सेनट्रिंग गिरने से मजदूर घायल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कौलीवाड़ा में पंचायत द्वारा हाट बाजार में बनाए जा रहे स्वागत द्वार की सेनट्रिंग गिरने से वहॉ कार्य कर रहे कुछ मजदूर बुरी तरह से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी पहुॅचाया गया। जहॉ पर उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद कुछ मजदूरों को बालाघाट जिला चिकित्सालय उचित उपचार के लिए भेज दिया गया है। वहीं कुछ मजदूरों का उपचार वारासिवनी शासकीय चिकित्सालय में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत कौलीवाड़ा में विधायक निधि की राशि से हाट बाजार में स्वागत द्वार का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा करवाया जा रहा हैं। जिसके दोनों तरफ के पिलर खड़े हो गए हैं और दोनों पिलरों को जोडऩे वाले ऊपर की बीम का निर्माण करने के लिए मजदूरों द्वारा सेनट्रिंग लगाई गई थी। बुधवार की शाम लगभग 6 बजे जब मजदूर काम कर रहे थे, तभी अचानक ऊपर की सेनट्रिंग व मलबा मजदूरों के ऊपर गिर गया। जिससे उसके नीचे कुछ मजदूर दब गए। स्वागत द्वार की सेनट्रिंग व मलबा गिरते ही निर्माण स्थल पर हडक़ंप मच गया। थोड़ी देर तक तो वहॉ पर उपस्थित लोगों को कुछ समझ ही नहीं आया। लेकिन उसके बाद वहॉ पर खड़े हुए ग्रामीणों व मजदूरों ने तत्काल मलबे व सेनट्रिंग के नीचे दबे हुए मजदूरों को बाहर निकाला और निजी वाहन से शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी पहुॅचाया। इस दुर्घटना में घायल मजदूर देवीचंद पिता मोहनलाल राऊत 21 वर्ष, रामदयाल पिता सूरज सहारे 40 वर्ष, सुखचंद पिता रतनलाल दानवे 45 वर्ष का वारासिवनी में उपचार चल रहा हैं, वहीं सुशील पिता फूलचंद राठौर 35 वर्ष और अरुण पिता गोविन्द कावड़े को जिला चिकित्सालय बालाघाट भेजा गया हैं। बताया जाता है कि घटना के समय स्थल पर लगभग 15-20 मजदूर कार्य कर रहे थे। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार अनुराग सिंह मरावी ने शासकीय चिकित्सालय में जाकर घायलों से मुलाकात की और उनकी कुशल क्षेम पूछी।



